चालक दल ई पत्रिका

जून – 2025

प्रस्तुति :

विद्युत प्रशिक्षण केंद्र

उत्तर रेलवे,

गजियाबाद

प्रेरणा स्रोत

(श्री आशुतोष पन्त)
प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता
उ० रे०, मुख्यालय
बडौदा हाउस, नयी दिल्ली

मार्गदर्शन

(पुष्पेश रमन त्रिपाठी)
मंडल रेल प्रबंधक
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय
उ० रे०, नयी दिल्ली

(श्री नवीन कुमार अग्रवाल)
मुख्य विद्युत अभियंता/ ऑपरेशन
उ० रे०, मुख्यालय
बडौदा हाउस, नयी दिल्ली

निर्देशन

(श्री आत्मजीत सिंह)
वरि० मंडल विद्युत अभियंता/ आर.एस.ओ.
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय
उ० रे०, नयी दिल्ली

(श्रीमती पूनम अहलावत)
प्रधानाचार्य
विद्युत प्रशिक्षण केंद्र
उ० रे०, गाजियाबाद

संकलन

(श्री अजय वीर सक्सेना)
मुख्य प्रशिक्षक
विद्युत प्रशिक्षण केंद्र
उ० रे०, गाजियाबाद

(गया प्रसाद मौर्य)
मुख्य प्रशिक्षक
विद्युत प्रशिक्षण केंद्र
उ० रे०, गाजियाबाद

सहयोग

(चन्द्र शेखर)
लो.पा.शंटर / नयी दिल्ली

सराहनीय कार्य

सराहनीय कार्य

1.0 सराहनीय कार्य : श्री हेमंत कुमार नागर, लोको पायलट शंटिंग , मुख्यालय - ANVT

दिनांक 03.06.2025 को, LPS/ANVT श्री हेमंत कुमार नागर ने आने वाली गाड़ी संख्या 13257 के लोको संख्या 39090 का चार्ज pf no. 4 पर 11.42 बजे लिया LPS ने अंडरफ्रेम चेक करने पर पाया कि (cab 1/SBB end) कैटल गार्ड व बॉडी के नीचे जॉइंट प्लेट की वेल्डिंग टूटी हुई है I LPS ने तुरंत CC/ ON ड्यूटी /ANVT को सूचित किया लोको को outpit ANVT ले जाया गया जहाँ पर वेल्डिंग कार्य करवाने के बाद गाड़ी संख्या 13258 के लिए लोको निकाल कर गाड़ी संख्या 13258 को right time departure करवा दिया क्योंकि 13257 का incoming लोको ही 13258 के लिए लिंक रहता है। इसलिए LPS की तत्परता से 13258 की डिटेंशन बचाई गयी I

LPS ने सजगता , तकनीकी योग्यता तथा तुरंत निर्णय लेकर गाड़ी की विलंबता एवं unsafe train operation को बचाया इस प्रकार LPS ने एक सराहनीय कार्य करके अपनी योग्यता का परिचय दिया I

2.0 सराहनीय कार्य : श्री जितेन्द्र सिंह , लोको पायलट पैसेंजर तथा सहायक लोको पायलट श्री अजय कुमार यादव , मुख्यालय - दिल्ली

दिनांक 18.06.2025 को, LPP/DLI श्री श्री जितेन्द्र सिंह तथा ALP/DLI श्री अजय कुमार यादव गाड़ी संख्या 15733 का चार्ज PF no. 9 पर 8.47 पर लिया I लोको की जांच करते समय अंडरफ्रेम में चक्का no. 4 की सेकेंडरी सस्पेंशन स्प्रिंग को क्रैक अवस्था में पाया जो कि गाड़ी के परिचालन में असुरक्षित थी LPP ने CC/DLI तथा TC/NDLS को तुरंत उसकी सूचना दी I लोको को फेल करके गाड़ी से काटकर और लोको संख्या 37464 /TKD को अटैच कर गाडी का प्रस्थान किया गया I

LP की सतर्कता ,तकनीकी योग्यता तथा शीघ्र निर्णय के कारण गाड़ी को असुरक्षित चलने से बचाया व गाड़ी की विलंबता को भी कम किया । LP/ALP ने एक सराहनीय कार्य करके अपनी योग्यता का परिचय दिया I

3.0 सराहनीय कार्य : मो.फ़िरोज़ अहमद, लोको पायलट मालगाड़ी तथा सहायक लोको पायलट श्रीमती प्रियंका शंखवार , मुख्यालय –लखनऊ

दिनांक 29.05.2025 को लोको संख्या 23903 की गाड़ी संख्या 51813 के लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट ने रनिंग के दौरान नोटिस किया कि AJ एवं JTU स्टेशन के मध्य LC. no. 22'A' पर दोनों तरफ बूम बंद था परंतु DN ट्रैक की दोनों लाइन के बीच LC पर एक मोटरसाइकिल खड़ी थी। क्रू नियमानुसार सीटी बजा रहा था। यह गेट गोलाई में पड़ता है। मोटरसाइकिल को अपने ट्रैक पर बीच में खड़ी देखते ही LP एवं ALP ने सतर्कता एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत इमरजेंसी ब्रेक का प्रयोग किया जिसके फलस्वरूप गाड़ी LC के पूर्व KM.no.37/26 पर खड़ी हो गयी तथा एक होने वाली दुर्घटना को क्रू द्वारा बचाया गया। गाड़ी खड़ी होने के बाद उपस्थित ON ड्यूटी गेटमेन द्वारा मोटरसाइकिल को ट्रैक पर से हटाया गया।

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट की सजगता एवं सूझबूझ के कारण एक संभावित दुर्घटना से बचाया जा सका।

विफलताए
और
सबक

विफलताए और सबक

लोको संख्यां – 43460 WAG-9H/VTAD/WR गाड़ी संख्या – 54085

दिनांक : 07.06.2025 डिविजन – दिल्ली

सेक्शन : DLI - SZM

घटना का विवरण एवं लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही :

दिनांक : 07.06.2025 को गाड़ी स० 54085 का दिल्ली PF न. 15 से 07.10 बजे प्रस्थान हुआ गाड़ी जब डफरिन ब्रिज न्यूट्रल सेक्शन के पास पहुची ही थी कि अचानक BP प्रेशर ड्राप हो गया तथा लोको न्यूट्रल सेक्शन के नीचे खड़ा हो गया LP ने देखा की दोनों पैंटोग्राफ न्यूट्रल सेक्शन के नीचे थे I LP ने बैंकर इंजन की मांग की I डीजल शंटिंग इंजन के द्वारा गाड़ी को पुश करके लोको को N/S से बाहर कर दिया गया लोको को इनरजाइज किया गया, MR, BP बनने पर गाड़ी का प्रस्थान हुआ I

घटना का कारण :

VCD ऑपरेट होने के कारण यह घटना घटित हुई LP ने VCD को ACK नहीं किया I

उत्तरदायी : LP द्वारा VCD को नियमानुसार एकनॉलेज नहीं किया गया जिससे गाड़ी की अनावश्यक 19 " की विलंबता हुई I

लोको संख्यां – 30800/WAP 7 /PADX/CR

गाड़ी संख्या – 12560

दिनांक : 09.06.2025

डिविजन – दिल्ली

स्टेशन : NDLS

घटना का विवरण एवं लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही :

दिनांक : 29.05.2025 को गाड़ी स० ECR 12560 का प्लेटफार्म संख्या 12 पर 17.36 पर आगमन हुआ LPS ने लोको का चार्ज लिया तथा लोको को DLI end से काट कर NZM end में लाकर attach किया, HOG कपलर attach होने के बाद LPS में अंडरफ्रेम की जांच की तो पाया की AXLE BOX No- 12 के 2 बोल्ट मिस थे जिसकी सूचना LPS ने तुरंत TC/NDLS दी। मेंटेनेंस स्टाफ ने आकर दोनों बोल्ट लगाये जिसके बाद गाड़ी का प्रस्थान समय 20.17 पर हुआ ।

विफलता का विश्लेषण :

LPS ने चार्ज लेते समय अंडरफ्रेम की जांच नहीं की यदि उसी समय LPS ने जांच करके TC/NDLS को बता दिया होता तो मेन्टेनेंस स्टाफ समय से पहुच जाता तथा गाड़ी की 12" की विलंबता नहीं होती ।

उत्तरदायी : होम शेड /PADX , ECR लाने वाला क्रू तथा LPS ऑन ड्यूटी

लोको संख्यां – 37152 WAP 7 / TATA / SER गाड़ी संख्या – 12925
दिनांक : 18.06.2025 डिविजन – दिल्ली
सेक्शन : NDLS - SZM

घटना का विवरण एवं लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही :

दिनांक : 18.06.2025 को गाड़ी स० 12925 NDLS प्रस्थान 11.08 बजे पर हुआ जैसे ही गाड़ी ने सिगनल संख्या 149 को पास किया, OHE की टेंशन चली गयी जिसकी सूचना LP द्वारा TC/NDLS को दी गयी। LP ने 2 से 3 बार VCB बंद करने का प्रयास किया लेकिन VCB होल्ड नहीं हुआ। जिसके बाद LP ने पैंटो को UP और Down करके देखा। जब चेटेरिंग हुई तब VCB क्लोज किया तथा गाड़ी का प्रस्थान 11.46 बजे पर हुआ।

विफलता का विशलेषण :

लोको में U - 2 stuck up की बुकिंग पहले से ही थी। NDLS-SZM के बीच में जब एक बार VCB ट्रिप हुआ तो LP ने U - 2 मीटर में OHE show न होने के कारण, नो टेंशन मानकर VCB क्लोज नहीं किया तथा OHE आने का इंतज़ार करता रहा।

उत्तरदायी : लोग बुक में दी गयी बुकिंग को LP ने नहीं पढ़ा तथा no tension मानकर गाड़ी को खड़ा रखा जिससे 19" की अनावश्यक विलंबता हुई।

लोको संख्यां – 39025 WAP7/ TKDE गाड़ी संख्या – 12486
दिनांक : 14.06.2025 डिविजन – अम्बाला

घटना का विवरण एवं लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही :

दिनांक : 18.06.2025 को गाड़ी स० 12486 का प्रस्थान अलाल से 18.24 पर हुआ धुरी (DUI) स्टेशन पर प्रवेश करते समय गाड़ी खड़ी हो गयी। सेक्शन कंट्रोल ने बताया कि लोको में खराबी है जिससे लोको खड़ा हो गया है। जब CLI/DUI लोको पर पहुचे तो पाया कि लोको में लैंप LSCE जल रहा है। तथा पैंटो नहीं उठ रहा है लोको चेक करने पर पाया गया कि MCB 127.82 ट्रिप है। CLI/DUI ने MCB को रिसेट किया तत्पश्चात लोको इनरजाइज करके 5 " के लिए कूलिंग की गयी जिसके बाद लोको नार्मल हो गया। DDS चेक करने पर पाया गया की VCD भी ऑपरेट थी।

विफलता का विशलेषण :

MCB 127.82 (जो कि कमीशर्निंग -2 के द्वारा 48.2 कन्ट्रोल , LSCE, VCD की सप्लाई कन्ट्रोल करती है) के ट्रिप होने के कारण VCD ऑपरेट हुयी तथा साथ ही साथ LSCE लैंप भी जल गया। जिससे प्रेशर ड्राप हो गया तथा पैंटो भी बैठ गया। LP के द्वारा सभी MCB के सही सेट होने की जाँच नहीं की गयी। CLI द्वारा 127.82 को रिसेट करके, पेंटो उठाकर लोको को इनरजाइज किया गया और कूलिंग करके लोको को नार्मल किया गया। यदि मशीन रूम की जांच सही प्रकार से की गयी होती तो MCB 127.82 के ट्रिप होने का पता चल जाता एवं अनावश्यक विलंबता नहीं होती।

उत्तरदायी : लोको पायलट एवं होम शेड TKD

लोको संख्यां – 23533/LKO **गाड़ी संख्या – 24203**
दिनांक : 16.06.2025 **डिविजन – लखनऊ**

घटना का विवरण एवं लोको पायलट द्वारा की गयी कार्यवाही :

दिनांक : 16.06.2025 को गाड़ी स० 24203 के LP ने सूचना दी कि वाराणसी स्टेशन से चलने के पश्चात् नाच नहीं बढ़ रही थी। मैन्युअल नाच लेने पर भी ऑटोरिग्रेशन हो रहा है। बाद में उन्होंने चेक किया तो पाया कि HSM स्विच शंटिंग मोड पर था। जिसको '1' पर करने के पश्चात् लोको सामान्य रूप से कार्य करने लगा।

विफलता का विशलेषण :

इससे स्पष्ट होता है की लोको पायलट ने लोको का चार्ज लेते समय HSM स्विच की पोजीशन को चेक नहीं किया एवं मैन्युअल नाच ऑपरेशन भी सही प्रकार से नहीं किया। यदि लोको पायलट द्वारा चार्ज लेते समय HSM स्विच को '1' पर होना सुनिश्चित किया गया होता तो गाड़ी को अनावश्यक 27 मिनट का विलम्ब नहीं होता।

उत्तरदायी : लोको पायलट

शंटिंग मोड संचालन सुनिश्चित करने के लिए टेप-चेंजर आधारित कन्वेंशनल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में ऑटो रिग्रेशन सर्किट का प्रावधान।

RDSO द्वारा शंटिंग मोड में सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए टेप-चेंजर आधारित कन्वेंशनल इलेक्ट्रिक लोको में ऑटो रिग्रेशन सर्किट के प्रावधान के लिए एक संशोधन जारी किया है।

इस संशोधन का उद्देश्य कन्वेंशनल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के शंटिंग मोड संचालन में 15 कि.मी.प्र.घं. की गति होने पर ऑटो-रिग्रेशन सुनिश्चित करना है।

मॉडिफिकेशन का संक्षिप्त विवरण:

- TB पैनल पर एक रोटरी स्विच HSM लगाया गया है, जिसकी दो पोजीशन "1" और "0" होती हैं।
  सामान्य पोजीशन '1' - लोकोमोटिव सामान्य रूप से कार्य करता है
  पोजीशन '0' - शंटिंग ऑपरेशन के दौरान (अधिकतम स्पीड 15 kmph)

- टेप-चेंजर आधारित कन्वेंशनल इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की प्रत्येक कैब की पीछे की दीवार पर निम्नलिखित निर्देश चिपकाए जाएंगे :-

INSTRUCTIONS FOR SHUNTING OPERATION IN TAP CHANGER BASED CONVENTIONAL ELECTRIC LOCO MOTIVE

THIS LOCO IS FITTED WITH "SHUNTING MODE OPERATION SWITCH (HSM)" IN TB BOARD TO RESTRICT THE SPEED OF LOCO TO 15 KMPH DURING SHUNTING OPERATION. THIS ROTARY SWITCH (HSM) HAS TWO POSTIONS '1' & '0'

HSM AT POSITION '1': FOR NORMAL OPERATION

HSM AT POSTION '0' : FOR SHUNTING OPERATION

NOTE:

DURING NORMAL OPERATION, IF AUTO –REGRESSION AT 15 KMPH, ENSURE THE HSM SWITCH POSTION AT '1'.

लोको पायलट हेतु निर्देश :

- सभी लोको पायलट/सहायक लोको पायलट जब भी लोको का चार्ज लें तो HSM स्विच का सामान्य पोजीशन "1" पर होना सुनिश्चित करें ।
- सभी लोको पायलट/सहायक लोको पायलट शंटिंग कार्य के लिए MP को "0" पर लाएँ, LSGR लेम्प का प्रकाशित होना सुनिश्चित करें । लोको की कैब के पीछे की दीवार पर लगाये गए निर्देशानुसार, TB पैनल पर लगाये गए स्विच HSM को पोजीशन '1' से पोजीशन '0' पर रखकर संचालन सुनिश्चित करें ।
- शंटिंग कार्य पूरा होने के बाद, MP को "0" पर लाएँ, LSGR लैम्प का प्रकाशित होना सुनिश्चित करें । HSM स्विच को वापिस पोजीशन '0' से पोजीशन '1' पर रखें ।
- MPCS वाले लोको में सामान्य कार्य संचालन के दौरान यदि 15 kmph की गति पर ऑटो रिग्रेशन आकर LSGR लैम्प प्रकाशित होता है और उसके बाद फ़र्स्ट नोच पर ऑटो रिग्रेशन आता है तो HSM स्विच का पोजीशन "1" पर होना सुनिश्चित करें ।
- बिना MPCS वाले लोको में सामान्य कार्य संचालन के दौरान यदि 15 kmph की गति पर ऑटो रिग्रेशन आकर LSGR लैम्प प्रकाशित होता है और उसके बाद टोटल लॉस ऑफ ट्रैक्टिव एफर्ट आता है तो HSM स्विच का पोजीशन "1" पर होना सुनिश्चित करें
- यदि HSM स्विच "1" पर है, फिर भी यह समस्या आती है तो HSM स्विच को 2-3 बार ऑपरेट करके वापिस पोजीशन "1" पर रखें ।
- फिर भी सफलता नहीं मिलती है तो TLC को सूचित करें, GR के मैनुअल ऑपरेशन के द्वारा सेक्शन क्लियर करें तथा लॉग बुक में दर्ज करें ।

- माइक्रोप्रोसेसर लोको में HSM का Contact ("0" Position) VE2 पर है। Malfunction करने पर बिना LSP प्रकाशित हुए पहली नोच पर Autoregression आएगा । अतः लोको पायलट HSM स्विच का पोजीशन '1' पर होना सुनिश्चित करें।